लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **चेतन देवड़ा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या / 77 / 2019 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 11.09.2019

श्री मांगीलाल बैरवा जिला संयोजक विधि एवं मानवाधिकार आर. टी. आई. विभाग चित्तौड़गढ़, पताः– न्यायालय परिसर कपासन, तहसील कपासन, जिला चित्तौड़गढ़

**बनाम**

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

**निर्णय**

**दिनांक 01.10.2019**

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 08.08.2019 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 77 / 2019 / (27.09) / 442 दिनांक 12.09.2019 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर को दिनांक 27.09.2019 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 27.09.2019 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

| प्रकरण संख्या 77/2019 (सू.अ.) |
|---|
| श्री मांगीलाल बैरवा न्यायालय परिसर, कपासन बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर |

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर ने अपने पत्र क्रमांक/राजस्व/2019/144 दिनांक 25.09.2019 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार है:–

प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आर. टी. आई. आवेदन से ग्राम बॉण्ड उर्फ बूल प. ह. बूल की साबिक आराजी नम्बर 655/1 की साबिक जमाबन्दी की नकल मांगी गयी है किन्तु सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर में उक्त आवेदन आदिनांक तक प्राप्त नहीं हुआ है। अपीलार्थी द्वारा जमाबन्दी की नकल लेने हेतु दिनांक 08.08.2019 को आवेदन जिला सूचना अधिकारी एवं जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़ कार्यालय में दिनांक 02.08.2019 को प्राप्त करना बताया गया है। दिनांक 08.08.2019 को किया गया आवेदन 02.08.2019 को ही कैसे प्राप्त किया जा सकता है। उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आवेदन इस कार्यालय में आदिनांक तक बकाया नहीं है। अतः प्रकरण को निस्तारित करने का श्रम करावें।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील एवं उसके संलग्न दस्तावेजों तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर द्वारा अपने पत्रांक/राजस्व/2019/144 दिनांक 25.09.2019 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नक का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी ने आवेदन दिनांक 08.08.2019 से ग्राम बूल की साबिक आ. नं. 655/1 की साबिक जमाबन्दी की नकल चाही गई है आवेदन में कार्यालय का नाम जहां से सूचना प्राप्त करनी है, भू–राजस्व विभाग प्रभारी अधिकारी तहसीलदार भूपालसागर का नाम अंकित किया है तथा उसके संलग्न रजिस्ट्री की रसीद का अवलोकन करने पर स्पष्ट है कि अपीलार्थी द्वारा उक्त आवेदन की रजिस्ट्री दिनांक 13.08.2019 को आर. आई. तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ के नाम पर कराई है साथ ही उसके साथ पावती रसीद जिला सूचना अधिकारी एवं जिला कलक्टर चित्तौड़गढ़ के कार्यालय में उक्त आवेदन दिनांक 02.08.2019 में किसी के द्वारा प्राप्त करने की प्राप्ति रसीद भी संलग्न की है। अतः आवेदन दिनांक 08.08.2019 जिसकी

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

| प्रकरण संख्या 77 / 2019 (सू.अ.) |
| --- |
| श्री मांगीलाल बैरवा न्यायालय परिसर, कपासन बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर |

रजिस्ट्री अपीलार्थी द्वारा दिनांक 13.08.2019 को कराई गई है जिसका पता आर. आई. तहसीलदार, चित्तौड़गढ़ के नाम पर है ऐसी स्थिति में दिनांक 13.08.2019 की रजिस्ट्री जिला कार्यालय में दिनांक 02.08.2019 को प्राप्त होना संभव नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपीलार्थी द्वारा सूचना चाहने हेतु प्रस्तुत आवेदन दिनांक 08.08.2019 की, जिला कार्यालय में दिनांक 02.08.2019 को ही प्राप्त होने संबंधी प्राप्ति रसीद फर्जी प्रतीत होती है तथा उक्त आवेदन सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार भूपालसागर के यहां भी प्राप्त होना प्रमाणित नहीं पाया जाता है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारिज की जाती है।

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते

Web Copy - Not Official

(चेतन देवड़ा)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
जिला कलेक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र. / सरिश्ता / प्र.सं. / 77 / 2019(सू.अ.) / 542 दिनांकः– 01 / 10 / 2019

प्रतिलिपिः–

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, भूपालसागर
2. श्री मांगीलाल बैरवा जिला संयोजक विधि एवं मानवाधिकार आर. टी. आई. विभाग चित्तौड़गढ़ पताः–न्यायालय परिसर कपासन, तहसील कपासन, जिला चित्तौड़गढ़

01/10/15

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)
लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Chetan Ram Deora
Date: 2019.12.24 12:37:33 IST
Reason: SelfAttested
Location: